Title : Regarding metro train connectivity from Dhansa to Najafgarh and Nangloi by introducing Mono Rail Concept

श्रीमती कमलजीत सहरावत **(पश्चिम दिल्ली) :** सभापति महोदया जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपको धन्यवाद। मैं दिल्ली से आती हूं और मेरे क्षेत्र का नाम पश्चिमी दिल्ली है। दिल्ली शहर आज एक बहुत बड़ी समस्या से जूझ रहा है, जहां ट्रैफिक जॉम से बहुत दिक्कत होती है।

मैं जिस क्षेत्र क्षेत्र से आती हूं, वह शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का एक कॉम्बिनेशन है तथा इसका आखिरी गांव ढांसा बॉर्डर है, जो हरियाणा से लगता है। दिल्ली में जॉब करने के लिए बहुत से लोग बादली झज्जर क्षेत्र और ढांसा गांव से भी आते हैं। अभी तक दिल्ली में जो मेट्रो है, मेरे क्षेत्र में उसका आखिरी स्टेशन नजफगढ़ में है। मैं कंसर्न्ड मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि अगर इस क्षेत्र को ढांसा गांव से नजफगढ़ और नांगलोई तक मेट्रो से जोड़ दिया जाए तो पश्चिमी दिल्ली और हरियाणा से जो लोग आते हैं, उनको बहुत राहत होगी। मेरा आदरणीय मंत्री महोदय जी से निवेदन है कि वह इस बात को अपने ध्यान में रखें। अध्यक्षा जी, मैं आपके माध्यम से दिल्ली की स्थिति के बारे में यह कहना चाहती हूं कि मोनो रेल एक ऐसा कंसेप्ट है, जो कि हमें कम स्थान में सुविधा दे सकता है। दिल्ली के हम सात सांसद हैं और हम सबकी आपस में बात हुई कि सभी क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम की समस्या है। मैं आपके माध्यम से कंसर्न्ड मंत्री जी से यह प्रार्थना करना चाहती हूं कि वह मोनो रेल के कंसेप्ट को दिल्ली में इंट्रोड्यूस करें। दिल्ली सरकार इस विषय पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही है और दिल्ली की जनता भुगत रही है।